# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-125 | सागवाड़ा, बुधवार,5 जनवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## कोरोना ने दस्तक- सागवाड़ा के भासोर सरकारी स्कूल के 4 बच्चो सहित ब्लॉक में 10 कोरोना पोजिटिव

### सागवाड़ा ब्लॉक के 110 सैंपल की रिपोर्ट आई है। इसमें से 10 पॉजिटिव केस सामने आए,जिले में कोरोना एक्टिव केस बढ़कर अब 18

**डूंगरपुर।** जिले के सागवाड़ा ब्लॉक में नए साल में कोरोना ने दस्तक दे दी है। सागवाड़ा के भासोर सरकारी स्कूल के 4 बच्चो सहित ब्लॉक में 10 कोरोना पोजिटिव केस सामने आये है। इधर स्कूली बच्चो में कोरोना आने से प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग में हडकम्प मच गया है।

इधर स्वास्थ्य विभाग कोरोना संक्रमितो की कॉन्टेक्ट हिस्ट्री खंगालने में जुट गया है।

चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया की मेडिकल कॉलेज सेंट्रल लेबोरेट्री से सागवाड़ा ब्लॉक के 110 सैंपल की रिपोर्ट आई है। इसमें से 10 पॉजिटिव केस सामने आए है। इसमें 5 बच्चें है, जिसमें से 4 बच्चें भासोर सरकारी स्कूल के है। वही एक बच्चा भीलूड़ा गांव का है ।

वही वगेरी में 1 महिला 1 पुरुष भीलूड़ा में 1 पुरुष सेलोता ओर जेठाना में 1-1 महिला कोरोना पोजेटिव आये है । बच्चो के पोजेटिव आने पर शिक्षकों से उन बच्चों के एड्रेस लिए है। वही एड्रेस ओर मोबाइल नंबर लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके घरों पर जा रही है। उनके परिवार के लोगों की संख्या के साथ ही कांटेक्ट ट्रेसिंग का पता लगाया जा रहा है। इधर शिक्षा विभाग ने सरकारी गाइडलाइन के अनुसार स्वास्थ्य विभाग स्कूल के सभी बच्चों और शिक्षको की फिर सैंपलिंग करेगा।

## युवक ने मां की साडी का फंदा बनाकर पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली

### घर के सामने करीब 300 से मीटर दूरी पर नीम के पेड़ पर लटका मिला

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारिया गांव में एक युवक ने मां की साडी का फंदा बनाकर पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और मामले की जांच कर रही है। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की भंडारिया गांव निवासी 18 वर्षीय हरीश पुत्र नाथू रोत मजदूरी का काम करता है। कल शाम को हरीश ने अपने पिता से बात करने के लिए अपनी मां से मोबाइल फोन लिया था। इसके बाद रात को खाना खाकर सो गया था। सुबह जब हरीश की मां उठी तो देखा की हरीश अपनी खांट पर नहीं है जिस पर उसकी मां ने उसकी तलाश की। इस दौरान घर के सामने करीब 300 से 400 मीटर दूरी पर नीम के पेड़ पर मा की साडी के फंदे से हरीश लटका हुआ मिला। पेड़ से हरीश का शव लटका होने की सुचना मिलने पर मौके पर लोगो की भीड़ एकत्रित हो गई। इधर पुलिस ने मौके से शव को उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वही मृतक का पिता बस ड्राइवर है जिसके आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## लौहारिया स्कूल में समस्त बच्चों को बांटे को स्वेटर

**सागवाड़ा।**

प्रधानाध्यापिका ज्योति भट्ट ने बताया अहमदाबाद होटल व्यवसायी नरेश कुमार पाटीदार के परिजनों द्वारा विद्यालय के समस्त अध्ययनरत 52 बच्चो को स्वेटर वितरित किये गए। मुख्य अतिथि समाजसेवी उपसरपंच गौतमलाल पाटीदार थे।

विशिष्ट अतिथि गुजरात के प्रमुख उद्यमी तुषार भाई पटेल, निखिल पाटीदार, पूर्वसरपंच मोहनलाल डामोर और सोहनलाल डामोर थे। अध्यक्षता SMC अध्यक्ष गटुलाल बामणिया ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी धर्मेश पण्डया ने बताया कि नरेश पाटीदार द्वारा प्रति वर्ष एक विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को स्वेटर देने के क्रम में इस वर्ष लौहारिया विद्यालय के छात्र छात्राओं को दिये गए।

इस अवसर पर बजालाल डामोर, कमजी डामोर, मोहनलाल बामणिया, ईश्वरलाल डामोर, बाबूलाल रोत,विजय लाल बामणिया, संगीता बामणिया ,आशा बामणिया आदि ग्रामीणजनो एवं अभिभावक उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन प्रतीक सुथार ने किया एवं आभार हीरालाल कटारा द्वारा किया गया।

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में पुलिस का फ्लेग मार्च, आमजन को कोरोना के खतरे के प्रति किया जागरूक और सतर्क



**डूंगरपुर।** जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए डूंगरपुर पुलिस की ओर से बुधवार को डूंगरपुर शहर सहित जिले भर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारियो व पुलिस के जवानो ने फ्लेग मार्च के माध्यम से आमजन को कोरोना के खतरे के प्रति जागरूक और सतर्क किया। प्रदेशभर में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते सरकार से लेकर प्रशासन सभी अलर्ट मोड़ में आ गए है। सरकार की ओर से नई गाइड लाइन जारी की गई है। वही कोरोना गाइडलाइन की पालना को लेकर डूंगरपुर पुलिस भी एक्टिव हो गई है।

इसी के मद्देनजर आज डूंगरपुर शहर सहित ग्रामीणों क्षेत्रो में पुलिस की ओर से फ्लेग मार्च करते हुए लोगों को कोविड गाइड लाइन का पालन करने का संदेश दिया गया वही पुलिस ने लोगो से बेवजह घरो से बाहर नहीं निकलने की भी अपील की गई ।

इधर कोतवाली पुलिस की ओर से भी डीएसपी डूंगरपुर राकेश शर्मा, सीआई दिलीपदान चारण के नेतृत्व के कोतवाली थाने से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च शहर के भीतरी कॉलोनियों से होते हुए कई मार्गो से होकर गुजरा और लोगो को कोविड गाइड का पालन करने का संदेश दिया। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और चिकित्सा विभाग कई प्रयास कर रहे है।

कोरोना के खतरे को रोकने के लिए सरकार की ओर से नई गाइड लागू की गई, जिसमें कई सख्तियां बरती जाने वाली है। ऐसे में लोगो को कोरोना के खतरे के अवगत कराने के साथ आगामी दिनों में सख्ती भी की जाएगी।

## बाड़े में बंधी 2 भेड़ और 87 बछड़ों को पैंथर ने अपना शिकार बनाया

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के साबला थाना क्षेत्र के पिंडावल गांव में एक बाड़े में बंधी 2 बड़ी भेड़ो सहित 87 बछड़ों को पैंथर ने अपना शिकार बना कर मौत के घाट उतार दिया है। घटना के बाद क्षेत्र भर में सनसनी फैल गयी और लोगों में भय बन गया है।

सूत्रों के अनुसार पिंडावल गांव के टावर फला में स्थित पूर्व सरपंच कमलजी मीणा के बाड़े में क्षेत्र के सविया गायरी दौलपुरा, कलिया वलाई, गमीरा सगोट,कांति गायरी मुंगेड़ गांव के समाज के लोगो की भेड़े पिछले डेढ़ महीने से बांध रखी है। जिसमे से रोजाना की तरह गायरी बाड़े में 2 बड़ी भेड़ो सहित 89 बछड़ो को बांध कर अन्य भेड़े लेकर जंगल में चराने गए थे। पर देर शाम जब वापस लौटे तो भेड़ो को मरा देखकर हतप्रभ रह गए। घटना की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ उमड़ गयी। सूचना पर साबला थाना प्रभार मनीष कुमार, डीवाईएसपी नोपाराम, तहसीलदार नरेंद्र सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुचे। वही पीड़ित भेड़ मालिकों ने प्रशासन से पेंथर को पकड़ने और मुआवजा देने की मांग की है।

## राजस्थान में बारिश, कड़ाके की ठंड

**जयपुर।** राजस्थान में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ से बारिश हुई और कड़ाके की ठंड का लोगों को एहसास हुआ। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, नागौर, जोधपुर, गंगानगर में कई जगह अच्छी बारिश हुई। जयपुर में भी तड़के बूंदाबांदी हुई। सबसे ज्यादा जैसलमेर में 12.4MM बारिश दर्ज हुई।

## प्रशासन गांवों और शहरों के संग अभियान स्थगित

### शहरों के सभी सरकारी दफ्तरों में आधे कर्मचारी ही आएंगे

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गहलोत ने सरकार ने फिर नई गाइडलाइन जारी की है। सरकारी दफ्तरों में केवल 50 फीसदी कर्मचारियों को ही बुलाया जाएगा। बाकी कर्मचारी घर से काम करेंगे। सरकार ने प्रशासन गांवों के संग अभियान और प्रशासन शहरों के संग अभियान को कोरोना के कारण स्थगित करने का फैसला किया है। गृह विभाग ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई गाइडलाइन 7 जनवरी से लागू होगी। इससे पहले रविवार को भी गाइडलाइन जारी की गई थी। रविवार की गाइडलाइन में ही संशोधन कर नए प्रावधान जोड़े हैं। नए प्रावधानों के अनुसार अब सरकारी दफ्तरों में 55 साल और इससे ज्यादा उम्र के कर्मचारियों और दिव्यांग कर्मचारियों को ऑफिस बुलाने पर पाबंदी लगा दी गई है। ऐसे कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करना होगा। इसके अलावा गाइडलाइन के पुराने प्रावधान ही लागू रहेंगे।

### नाइट कर्फ्यू और मास्क पर सख्ती

नाइट कर्फ्यू और मास्क पर सख्ती शुरू होगी। शहरों में पुलिस के नाके लगाकर नाइट कर्फ्यू में बेवजह बाहर निकलने वालों के चालान और वाहन जब्त करने की कार्रवाई होगी। सार्वजनिक जगहों पर बिना मास्क नजर आने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा ।वर्क प्लेस पर कोई भी कर्मचारी कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर ऑफिस के उस चैंबर को 72 घंटे के लिए बंद किया जाएगा। कोविड पॉजिटिव के साथ काम करने वाले कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करना होगा। प्रदेश भर में फिलहाल नाइट कर्फ्यू का समय नहीं बदला है। नाइट कर्फ्यू रात 11 से सुबह 5 बजे तक ही रहेगा।

## 8 साल की मासूम से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी अपचारी चचेरे भाई को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने 8 साल की मासूम से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी अपचारी चचेरे भाई को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही कोर ने मामले में दोषी पर 41 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। 17 वर्षीय दोषी अपचारी ने 13 नवम्बर को 8 साल की मासूम चचेरी बहिन को अपनी हवस का शिकार बनाया था। वही 17 नवम्बर को रामसागडा थाने में मामला दर्ज हुआ था।

डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की 17 नवम्बर 2020 को रामसागडा थाने में पीडिता की माँ ने रिपोर्ट दी थी। जिसमे बताया था की वह 13 नवम्बर को सुबह अपनी 8 वर्षीय बड़ी बेटी व छोटी बेटी को घर पर छोड़कर खेत पर काम करने गई थी। वही पति मजदूरी करने गया था। पीडिता की माँ जब शाम को खेत से घर लौटी थी।

उसकी बड़ी बेटी रो रही थी। जब पीडिता से उसकी माँ ने रोने का कारण पूछा तो उसने बताया की उसका चचेरे भाई घर आया था और उसके साथ चचेरे भाई ने दुष्कर्म करने की बात अपनी माँ को बताई। वही पीडिता की माँ ने पति के घर आने पर पूरी बात उसे बताई। इसके बाद 17 नवम्बर को पीडिता की माँ ने रामसागडा थाने में रिपोर्ट दी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए बाल अपचारी चचेरे भाई को अधिग्रहित किया। फिर इसके बाद रामसागडा थाना पुलिस ने पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया।

इसी मामले में अंतिम सुनवाई करते हुए डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने अपचारी को दोषी करार देते हुए दोषी को विभिन्न धाराओं के तहत 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही 41 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। इधर पोक्सो कोर्ट ने वर्तमान में दोषी की उम्र 18 वर्ष । माह 13 दिन की होने से 21 साल की होने तक बाल संप्रेषण गृह भेजने के आदेश दिए है। इसके बाद उसे जेल में शिफ्ट किया जाएगा।

## मंत्रिमण्डल की बैठक ग्रामीण विकास राज्य सेवा-2007 की कनिष्ठ श्रृंखला में सीधी भर्ती और पदोन्नति का 50-50 होगा अनुपात

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई केबिनेट की बैठक में राजस्थान ग्रामीण विकास राज्य सेवा नियम-2007 में संशोधन को स्वीकृति दी है। राजस्थान ग्रामीण विकास राज्य सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला के पदों के कुल 75 त्न पद वर्तमान में सीधी भर्ती से भरे जाने का प्रावधान है जिसको 50 प्रतिशित किया गया है।

केबिनेट के इस निर्णय से सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारियों की पदोन्नति के लिए अधिक संख्या में पद उपलब्ध होंगे तथा विभाग में विकास अधिकारी के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा शीघ्रता से भरा जा सकेगा साथ ही, लंबे समय से विकास अधिकारियों के पदों के रिक्त रहने की समस्या दूर होगी। अतिरिक्त विकास अधिकारियों को विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति देने से ग्राम विकास अधिकारियों के मनोबल एवं कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी।

राजस्थान पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल डारा, प्रदेश महामंत्री मुरारीलाल पारीक, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल श्रीमाली, जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह झाला, जिला मंत्री अशोक डिन्डोर, विधि सलाहकार राजेन्द्र शर्मा ने राजस्थान सरकार द्वारा मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए निर्णय को पंचायती राज के इतिहास में ऐतिहासिक कदम बताते हुए मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## 24 घंटे में हो निस्तारण, नहीं तो कार्यवाही के लिए रहे तैयार : सभापति

### सभापति ने सफाई शाखा और विद्युत शाखा की ली बैठक

**डूंगरपुर।** हमारा शहर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में भाग ले रहा है और एक बार फिर स्वच्छता सर्वेक्षण में जीत का चौका लगाना है जिसके लिए सभी कार्मिक रहे तैयार और शहरवासियों की कोई भी समस्या का 24 घंटे में त्वरित निवारण हो ये बात बुधवार को नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने परिषद के सफाई शाखा,आवक जावक शाखा और विद्युत शाखा के कार्मिको की बैठक लेते हुए कही। सभापति ने कहा कि नगरपरिषद में शहर की साफ़ सफाई और विद्युत संबंधित समस्याओ के त्वरित निवारण हेतु शिकायत कक्ष स्थापित कर रखा है जहा कोई भी शहरवासी शहर की समस्या को लेकर शिकायत दर्ज करा सकता है और जब शिकायत कक्ष से ये शिकायत सम्बन्धित विभाग को मिले तो इसका 24 घंटे में त्वरित निवारण हो और और कार्य नहीं होने पर परिषद की और से कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि मुझे साफ़ सफाई और विद्युत सम्बन्धित शिकायतों की कोई पेंडेंसी नहीं चाहिए और कोई बहाना नहीं चाहिए,हमारा शहर साफ़ और सुन्दर है इसको ऐसे ही बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है जिसके लिए सफाई निरीक्षक और जमादार नियमित रूप से सभी वार्डो को निरीक्षण करे और जहां भी गंदगी मिले वहा तत्काल कार्यवाही कर उस स्थान को स्वच्छ बनाये। सभापति ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमारे स्वच्छ शहर का सर्वक्षण शुरू हो चूका है और एक बार फिर स्वच्छता में पुरे देश में नंबर 1 आना है उसके लिए सभी को स्वच्छ शहर बनाने हेतु मिलकर कार्य करना होगा और अन्य को भी स्वच्छता हेतु प्रेरित करना है। बैठक में सफाई शाखा से रामसिंह रजावत, विद्युत शाखा विनोद वैष्णव और आवक जावक शाखा से निर्मला वैष्णव सहित जमादार मौजूद रहें।

## राजस्थान में कोरोना के आज 1883 मरीज, 2 मौत

**जयपुर।** राजस्थान में आज कोरोना के 1883 केस मिले हैं, वहीं 2 लोगों की इस बीमारी से मौत हो गई। सबसे ज्यादा 1138 जयपुर में मरीज आए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत भी कोरोना से संक्रमित हो गए। जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) और वैशाली नगर आज कोरोना का सबसे बड़ा हॉट स्पॉट बना है। वैशाली नगर में जहां 58 केस मिले है, वहीं आरपीए में सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग ले रहे 56 कैडेट्स भी पॉजिटिव मिले हैं। एक दिन पहले राजस्थान में 1137 और जयपुर में 745 केस मिले थे।

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक आज जयपुर के बाद सबसे ज्यादा मरीज जोधपुर में 230 मिले है। इसके अलावा अजमेर 94, अलवर 79, कोटा 53, भरतपुर, सीकर में 36-36, बीकानेर 34, भीलवाड़ा 31, उदयपुर 28, प्रतापगढ़ 23 और गंगानगर में 21 केस मिले है। वहीं जयपुर और जोधपुर में इस संक्रमण से एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## जयपुर-जोधपुर में 8वीं तक के स्कूल 17 जनवरी तक बंद

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गहलोत सरकार ने फिर नई गाइडलाइन जारी की है। जयपुर और जोधपुर की शहरी सीमा में आने वाले आठवीं तक के सभी स्कूलों को 17 जनवरी तक के लिए बंद कर दिया है। सरकारी दफ्तरों में केवल 50 फीसदी कर्मचारियों को ही बुलाया जाएगा। बाकी कर्मचारी घर से काम करेंगे। सरकार ने प्रशासन गांवों के संग अभियान और प्रशासन शहरों के संग अभियान को कोरोना के कारण स्थगित करने का फैसला किया है। गृह विभाग ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई गाइडलाइन 7 जनवरी से लागू होगी। इससे पहले रविवार को भी गाइडलाइन जारी की गई थी। रविवार की गाइडलाइन में ही संशोधन कर नए प्रावधान जोड़े हैं। नए प्रावधानों के अनुसार अब सरकारी दफ्तरों में 55 साल और इससे ज्यादा उम्र के कर्मचारियों और दिव्यांग कर्मचारियों को ऑफिस बुलाने पर पाबंदी लगा दी गई है। ऐसे कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करना होगा। इसके अलावा गाइडलाइन के पुराने प्रावधान ही लागू रहेंगे। नाइट कर्फ्यू और मास्क पर सख्ती शुरू होगी। शहरों में पुलिस के नाके लगाकर नाइट कर्फ्यू में बेवजह बाहर निकलने वालों के चालान और वाहन जब्त करने की कार्रवाई होगी। सार्वजनिक जगहों पर बिना मास्क नजर आने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। वर्क प्लेस पर कोई भी कर्मचारी कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर ऑफिस के उस चैंबर को 72 घंटे के लिए बंद किया जाएगा। कोविड पॉजिटिव के साथ काम करने वाले कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करना होगा।